भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3143
उत्तर देने की तारीख : 11.07.2019

गैर–अल्पसंख्यकों को लाभान्वित करने वाली योजनाएं

3143. श्री के॰ नवासखनीः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय की योजनाओं के नामों का ब्यौरा क्या है जो गैर–अल्पसंख्यकों को लाभान्वित करते हैं और ऐसी योजनाओं का क्या औचित्य है; और

(ख) गत चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ऐसी योजनाओं के तहत किये गए व्यय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क): प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो विकास की कमी वाले क्षेत्रों में अंतराल को पूरा करने के लिए और समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए देश के विभिन्न जिला मुख्यालयों सहित 1300 अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों (एमसीए) में सामाजिक–आर्थिक और शैक्षिक अवसंरचना सृजित करने के साथ–साथ बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए है। पीएमजेवीके एक क्षेत्र विकास कार्यक्रम होने के नाते परियोजनाएं ऐसे क्षेत्रों में स्थित हैं जहां एमसीए के भीतर जरूरतमंद अल्पसंख्यक आबादी की अत्यधिक बहुलता है ताकि अल्पसंख्यकों को उनके आवास के करीब स्थित परिसंपत्तियों से लाभ हो सके।

नेतृत्व विकास के लिए नई रोशनी योजना के अधीन समाज के समग्र लाभ के लिए गैर–अल्पसंख्यक समुदायों से महिलाएं भी परियोजनाओं का भाग हैं।

इसके अतिरिक्त, गैर–अल्पसंख्यक बीपीएल लाभार्थी उस्ताद, नई मंजिल और सीखो और कमाओ योजनाओं में शामिल किए जा सकते हैं।

(ख): ऐसी योजनाओं में गत चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान किए गए कुल व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार हैः

(करोड़ रु. में)

योजना	किया गया व्यय
पीएमजेवीके	4552.37
नई मंजिल	304.49
सीखो और कमाओ	771.94
उस्ताद	89.72

******